

एक नज़र में



## छात्राओं ने टीचर के साथ लगाया, एक पेड़ मां के नाम

**ग्वालियर 4 जुलाई .** शासकीय उमा कन्या विद्यालय मामा का बाजार ग्वालियर में एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। एनसीसी बिग की छात्राओं का वृक्षारोपण कार्यक्रम में महत्वपूर्ण योगदान रहा। विद्यालय के प्रचार डॉ मुकेश सक्सेना द्वारा छात्राओं को वृक्षारोपण के महत्व एवं जीवन में वृक्षों के अमूल्य धरोहर के रूप में मार्गदर्शन प्रदान किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रचार शिक्षक एवं छात्राओं द्वारा विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण किए गए तथा प्रंण किया गया की सभी लोग एक पेड़ मां के नाम का प्रसार जरूर करेगें जिससे हमारी मातृभूमि और प्रकृति के प्रति हमारा सम्मान सदैव बना रहे और यह सुंदरता को सदैव दर्शाता रहे। इस अभियान का उद्देश्य मां के नाम एक वृक्ष लगाना और एक स्थाई समिति बनवाना था जो पर्यावरण पर्यावरण की रक्षा करेगा। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य मुकेश सक्सेना, आशिक हुसैन, श्रीमती सुनीता सेठ, आनंद शर्मा, अरविंद शर्मा, एनसीसी प्रभारी थर्ड ऑफिसर रानी सिकरवार एवं विद्यालय का संपूर्ण स्टाफ मौजूद रहा।

## सनातन धर्म का अपमान करने वालों के विरुद्ध हिंदू महासभा ने मुख्यमंत्री को धिक्कार पत्र लिखा, शनिवार को वितरित कर सौंपेंगे

ग्वालियर 4 जुलाई। अखिल भारत हिन्दू महासभा के जिला अध्यक्ष लोकेश शर्मा ने आज पदाधिकारीयों की बैठक हिंदू महासभा भवन, दौलतगंज में की जिसमें भितरवार में 6 ,7 , 8 जून को हुए सम्मेलन में सनातन धर्म के देवी देवताओं को अपमानजनक तरीके से प्रस्तुति करने वालों पर कार्रवाई नहीं होने पर आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि कार्रवाई कर गिरफ्तार नहीं किया गया तो हिंदू महासभा मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को धिक्कार पत्र शनिवार को ग्वालियर आगमन पर पत्र वितरित कर सौंपेंगे । हिंदू महासभा ने कहा कि भितरवार में सनातन धर्म का अपमान करने वालों पर कार्रवाई की मांग की थी । हिंदू महासभा ने सनातनियों से आग्रह किया है कि भाजपा की सरकार धोखेबाज सरकार है इससे सावधान रहें। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से सवाल किया कि भितरवार में सनातनी देवी देवताओं का अपमान करने वालों पर कारवाई कब होगी। भितरवार जिला ग्वालियर में धार्मिक भावनाओं एवं देवी देवताओं को असम्मान करने वालो पर कार्रवाई को लेकर विश्व हिन्दू परिषद्, बजरंग दल के 10 जून के आवेदन पर कार्रवाई नहीं करने पर हिन्दू महासभा ग्वालियर द्वारा आपको धिक्कार पत्र देकर शीघ्र कार्रवाई करवाने की मांग कर रही है। अखिल भारत हिन्दू महासभा, ग्वालियर आपसे उपरोक्त विषय में आग्रह करती हैं कि भितरवार में 6 ,7, 8, जून 2025 को धार्मिक आयोजन के नाम पर सनातन देवी देवताओं का अपमान जनक शब्दों का इस्तेमाल किया गया। धार्मिक भावनाओं को अपमानित करने का कार्य किया गया। सामाजिक समरसता के लिए विघटन का काम किया गया।

## दिनभर धूप-छांव का खेल शाम को झमाझम बरसे बदरा

ग्वालियर। प्रदेश में लगातार जहां बारिश का दौर जारी है वहीं शुक्रवार को सुबह से ही शहर में धूप और छांव के बीच आंख-मिचौली शुरु हो गई है। सुबह घिरे हुए बादलों से सूर्य देव प्रकट हुए इसके बाद से बादलों का आना-जाना जारी है। धूप निकलते ही उमस भरी गर्मी के कारण लोग पसीना-पसीना हो रहे थे वहीं ग्वालियर में शाम 6 बजे झमाझम बारिश शुरू हो गई बारिश से लोगों को गर्मी से कुछ निजात मिली है वहीं शिवपुरी, श्योपुर और गुना में भारी बारिश का ओरेंज अलर्ट जारी किया गया है। गत दिवस भी धूप और बादल आते-जाते रहे इस दौरान हल्की सी बूंदाबांदी भी हुई। इस कारण उमस भी बढ गई है। गत दिवस धूप निकलने के साथ ही दिन के तापमान में दो डिग्री की वृद्धि हुई है। कल न्यूनतम तापमान 27 .5 डिग्री दर्ज किया गया जो कि सामान्य से 0 .7 डिग्री कम रहा। गत दिवस केवल 0 .5 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। वहीं आज मौसम में आर्द्रता 85 प्रतिशत दर्ज की गई है जो कि सामान्य से 19 प्रतिशत अधिक है। इस सीजन में अब तक 370 .8 मिलीमीटर बारिश हो चुकी है। आज मौसम विभाग ने ग्वालियर के साथ ही मुरैना, दतिया में हल्की बारिश होने की संभावना जताई है।

## मीडिएशन फॉर द नेशन अभियान के प्रभावी संचालन को लेकर प्रधान जिला न्यायाधीश ललित किशोर ने की समीक्षा बैठक

ग्वालियर, 04 जुलाई। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के निर्देश पर और मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के मार्गदर्शन में 1 जुलाई से 30 सितंबर 2025 तक चलाए जा रहे मीडिएशन फॉर द नेशन कैंपेन के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर जिला न्यायालय ग्वालियर में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। प्रधान जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री ललित किशोर ने ग्वालियर जिला मुख्यालय, कुटुंब न्यायालय, डबरा व भितरवार के न्यायाधीशों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से चर्चा की। उन्होंने निर्देश दिए कि लंबित प्रकरणों का अधिकतम निराकरण मध्यस्थता के माध्यम से सुनिश्चित किया जाए। श्री किशोर ने कहा कि मीडिएशन एक प्रभावशाली वैकल्पिक समाधान प्रक्रिया है, जो पक्षकारों को शीघ्र, सरल व सौहार्दपूर्ण न्याय प्रदान करती है। बैठक में सभी न्यायाधीशों से अभियान को गंभीरता से लेते हुए सक्रिय भागीदारी की अपेक्षा की गई।



## दिल्ली एवं मुंबई के सुपर स्पेशलिस्ट डॉक्टर्स की ओपीडी इस रविवार को आरजेएन अपोलो स्पेक्ट्रा हॉस्पिटल ग्वालियर में

**ग्वालियर 4 जुलाई .** इस रविवार 6 जुलाई को आर जे एन अपोलो स्पेक्ट्रा हॉस्पिटल ग्वालियर में दिल्ली एवं मुंबई के वरिष्ठ सुपर स्पेशलिस्ट डॉक्टर्स अपनी सेवाएं प्रदान करने उपलब्ध रहेंगे अपोलो हॉस्पिटल मुंबई के वरिष्ठ गेस्ट्रोएंट्रोलॉजिस्ट डॉ पुरुषोत्तम वशिष्ट जिनको 25 वर्षो का अनुभव है जिन मरीजों को सिरोसिस तथा लिवर संबंधी बीमारियां,पीलिया, हेपेटाइटिस बी,उल्टी,गैस, खूनी उल्टी और लैट्रिन में खून आने की शिकायत है ऐसे मरीज डॉक्टर पुरुषोत्तम वशिष्ट से परामर्श ले सकते हैं। ऑर्थोपेडिक सर्जन एवं ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जन डॉ देवाशीष चंदा जिनको 20 वर्षों का घुटना एवं कूल्हा प्रत्यारोपण का अनुभव है उन्होंने अब तक 10,000 से भी ज्यादा ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी की है इसके साथ ही डॉक्टर देवाशीष जॉइंट प्रिजर्वेशन सर्जरी,ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी, रिवीजन कंपलेक्स ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी, कार्टिलेज माइक्रो सर्जरी, री एलाइनमेंट ऑफ लिंब की सर्जरी भी करते है। इंद्रप्रस्थ अपोलो दिल्ली के वरिष्ठ वैस्कुलर सर्जन डॉ. जैसम चोपड़ा भी इसी दिन वेरिकोस सर्जरी के लिए उपलब्ध रहेंगेद्यवैरिकोज वेन्स भारत सहित पूरी दुनिया में सबसे आम चिकित्सा समस्याओं में से एक है। वैरिकोज नसें केवल बढ़ी हुई नसें हैं जो पैरों में उभरी हुई, बदसूरत सूजन के रूप में दिखाई देती हैं। उनमें दर्द हो भी सकता है और नहीं भी, लेकिन इतनी बड़ी नसें आसानी से रक्तस्राव का कारण बन सकती हैं, जिससे आपातकालीन स्थिति पैदा हो सकती है। मरीज दिए गए नंबर पर अपना रजिस्ट्रेशन करा सकते है। 9109126110,0751-2454600.

# सात फुट बढ़ गया पानी, 732 का लेवल छूता तिघरा

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 4 जुलाई.** इस साल मानसून की समय से पहले और धमाकेदार एंट्री होने से गर्मी से राहत मिलने के साथ-साथ शहर की जनता को पीने के पानी की कटौती से भी निजात मिल गई है। समूचे अंचल में जमकर बरसे बादलों ने जुलाई के पहले ही सप्ताह में

**मानसून के यही तेवर रहे तो इसी महीने लबालब होगा बांध**

**राहत- मानसून का आधा कोटा होने से टल गया एक दिन छोड़कर पानी देने का प्लान**

मानसून की बारिश का आधा कोटा कर दिया है। इस बीच मौसम विभाग ने 4 एवं 6 जुलाई को ग्वालियर सहित आसपास के जिलों में मध्यम से भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है।

मानसून की मेहरबानी से ग्वालियर के लोगों के लिए राहत की बात ये है कि शहर की प्यास बुझाने वाले तिघरा बांध के जल स्तर में अब तक लगभग 7 फुट की बढ़ोतरी हो चुकी है। शुक्रवार की सुबह तिघरा का वाटर लेबल 732 फीट को छूने के करीब रहा। वहीं इस बात के भी संकेत हैं कि अगर मौसम के तेवर ऐसे ही रहे तो जुलाई के महीने में ही तिघरा लबालब हो सकता है। जल संसाधन विभाग के अनुसार शहर को पेयजल की आपूर्ति करने वाले तिघरा डेम में तेजी से जलभराव का क्रम निरंतर जारी है। जिस तरह से तिघरा के जल स्तर में तेजी के साथ इजाफा हुआ है उसे देखकर तो यह कहा जा सकता है कि जुलाई के आखिर तक तिघरा पूरी तरह भर सकता है।

**पिछले साल 17 सितंबर को खुला पहला गेट-** उल्लेखनीय है कि बीते वर्ष 17 सितंबर को तिघरा का जलस्तर 739.15 फीट पहुंच गया था और उस समय डैम के बढ़ते लेवल को स्थिर रखने के लिहाज से जलाशय का 1 गेट खोला गया था, जिससे लगभग 700 क्यूसेक पानी सांक नदी में छोड़ा गया। बाद में यह क्रम अन्य गेट खोलने के साथ आगे भी जारी रहा।



### 739 फुट पर खोले जाते हैं तिघरा के गेट

उल्लेखनीय है कि तिघरा डेम का अधिकतम जल स्तर 739 .15 फीट निर्धारित है। इस स्तर पर पहुंचने के पहले ही बैंक वाटर के फ्लो को देखते हुए डेम के दरवाजे खोलना प्रारम्भ कर दिए जाते हैं।

### 19 दिन में 7 फुट चढ़ गया पानी

बता दें कि विगत 15 जून को तिघरा जलाशय का जलस्तर 725 फीट के आसपास था, लेकिन केवल 19 दिन के भीतर ही बांध के वाटर लेबल में करीब 7 फुट की बढ़ोतरी देखी जा रही है। जल संसाधन विभाग के मुताबिक आज 4 जुलाई की सुबह इसका जलस्तर 731 .90 फुट रिकॉर्ड किया गया।

### बांध में लगातार पहुंच रहा पानी

गौरतलब है कि इस साल मध्यप्रदेश सहित ग्वालियर-चंबल अंचल में मानसून के जल्दी दस्तक दिए जाने से पिछले एक पखवाड़े से बरसात जारी है। इसका असर ग्वालियर को पेयजल की आपूर्ति करने वाले तिघरा जलाशय पर भी पड़ा है।

## रिटायर्ड शिक्षक के घर चोरी

**ग्वालियर 4 जुलाई.** रिटायर्ड शिक्षक के घर का ताला तोड़कर अज्ञात चोर साढ़े छह हजार रुपए नकद व चांदी के जेवरात समेट ले गया। जातका नकद शिवारात ले गया। इस घर में ताला लगा था। चोरी की घटना डबरा थाना क्षेत्र के टेकनपुर में चौहान कॉलोनी की है। शिवचरन लाल जाटव 65 वर्ष शिक्षा विभाग से रिटायर्ड है। ताला तोड़कर घर में रखे साढ़े छह हजार रुपए जोड़ी पायल, 12 बिछिया चोरी कर ले गए हैं। सुबह पहुंचे तो पता चला कि चोरी हो गई है।

# किसान सभा ने कलेक्टर को ज्ञापन सौपा

**ग्वालियर 4 जुलाई.** मध्य प्रदेश किसान सभा ने किसान नेता अखिलेश यादव के नेतृत्व में एडीएम टी एन सिंह एवं एसडीएम अनिल राघव को ज्ञापन पत्र शॉप कर जो 6 लोग फरार है और उनके ऊपर इनाम रखा है उन आरोपियों को तुरंत गिरफ्तार करने एवं धान की जो नीलामी हुई है उसका पैसा पहले किसानों को देने की मांग रखी मौके पर पहुंचे ए डी एम सिंह ने आश्वासन दिलाया कि साथ दिवस के अंदर आपकी मांगों पर विचार कर शीघ्र ही किसानों का जो भुगतान रुका हुआ है तुरंत कराया जाएगा इस मौके पर उपस्थित सुग्रीव सिंह ने कहा कि जो आरोपी बैंक कर्मचारी एवं मंडी की मिली भगत से 7:30 करोड़ रूपया लोन ले लिया है उन बैंक कर्मचारी एवं मंडी के शेष कर्मचारी



जो इस लोन कांड में लिप्त है उन सब पर भी इनाम रखी जाए तथा मामला दर्ज किया जाए इस मौके पर रामविलास गोस्वामी अखिलेश यादव राजेंद्र सेन सुग्रीव सिंह पलविंदर सिंह आदि एक सैकड़ा हाकम सिंह कुशवाहा डबरा प्रेम नारायण कुशवाहा एक सैकड़ा किसान उपस्थित थे

# आईटीएम में भारतीय ज्ञान परंपरा में शिक्षा विषय पर व्याख्यान आयोजित

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 4 जुलाई.** आईटीएम यूनिवर्सिटी ग्वालियर का प्रयास भारतीय ज्ञान परंपरा अध्ययन पीठ के अंतर्गत 'भारतीय ज्ञान परंपरा में शिक्षा' विषय पर विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस व्याख्यान में मुख्य वक्ता और मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. राजकुमार आचार्य (वाइस चांसलर, जीवाजी यूनिवर्सिटी ग्वालियर) शामिल हुए। इस अवसर पर आईटीएम यूनिवर्सिटी ग्वालियर के प्रो-चांसलर डॉ. दौलत सिंह चौहान, वाइस चांसलर प्रोफेसर योगेश उपाध्याय, डीन एकेडमिक डॉ. रंजीत सिंह तोमर, डीन मुकेश पांडेय, डीन स्टूडेंट एंड वेलफेयर तृप्ति पाठक, डीन इंटरनेशनल कॉपरेशन श्याम आकाशे, डॉ. रिचा कोठारी सहित विभिन्न विभागों के डीन, विभागाध्यक्ष, विभिन्न प्रोग्रामों के समन्वयक, आईक्यूएसी सेल के डिप्टी डायरेक्टर, प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर, असिस्टेंट प्रोफेसर विशेष रूप से उपस्थित रहे।



व्याख्यान में मुख्य वक्ता और मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. राजकुमार आचार्य ने कहा कि प्राचीन भारत की शिक्षा परंपरा न केवल नैतिकता और व्यवहार का प्रतीक थी, बल्कि यह एक समृद्ध और वैश्विक दृष्टिकोण से युक्त ज्ञान-व्यवस्था भी थी। उन्होंने कहा कि भारतीय शिक्षा प्रणाली का मूल तत्व यह था कि करनी और कथनी में कोई भेद न हो। शिक्षक का जीवन स्वयं एक उदाहरण होना चाहिए। उन्होंने ज़ोर देकर कहा कि शिक्षक के भीतर और बाहर का चरित्र एक जैसा होना चाहिए, क्योंकि वही सच्चे शिक्षक की पहचान है। उन्होंने संदेश देते हुए कहा कि आधुनिक शिक्षा पद्धति में भारतीय मूल्यों और परंपराओं का समावेश अत्यंत आवश्यक है, जिससे युवा पीढ़ी अपने सांस्कृतिक मूल तत्व से जुड़े रहें.

व्याख्यान में आईटीएम यूनिवर्सिटी ग्वालियर के वाइस चांसलर प्रोफेसर योगेश उपाध्याय ने कहा कि आईटीएम यूनिवर्सिटी ग्वालियर में भारतीय ज्ञान परंपरा से संबंधित विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन नियमित रूप से किया जाता है, जिनका उद्देश्य छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास को सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि भारतीय परंपरा व्याख्यान में आईटीएम यूनिवर्सिटी ग्वालियर के डीन अकेडमिक डॉ. रंजीत सिंह तोमर ने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा में शिक्षा का स्थान अत्यंत महत्वपूर्ण और विशिष्ट रहा है। यह परंपरा न केवल ज्ञान प्राप्ति तक सीमित थी, बल्कि संपूर्ण जीवन के विकास, आध्यात्मिक उन्नति और सामाजिक सद्भाव का आधार भी मानी जाती थी।


कार्यालय विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण ( माधवराव काउण्टर मैग्नेट )
शीतला सहाय प्रशासनिक भवन, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, सौजना - तिधरा, ग्वालियर (म.प्र.)
क्रमांक /विक्षेविप्रा/संपदा /2025 / 734
ग्वालियर दिनांक-27/06/2025

// सूचना //

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री दिनेश चंद्र ओझा पुत्र श्री केशव देव शर्मा, निवास 2/23, न्यू कॉलोनी, बिरला नगर, ग्वालियर को साडा की आवासीय योजना में सेक्टर-सी ब्लॉक-07 भूखण्ड क्रमांक 158 एम.आई.जी. 200 वर्ग मीटर आकार का आवंटित किया गया था। श्री दिनेश चंद्र ओझा पुत्र श्री केशव देव शमा द्वारा उक्त भूखण्ड के आवंटन का अंतरण श्रीमती सोनल श्रीवास्तव पत्नी श्री हिमांशु श्रीवास्तव एवं श्रुती श्रीवास्तव पुत्री श्री दिनेश चंद्र श्रीवास्तव निवास ए-205, सागर एवेन्यू काल्पी ब्रिज कॉलोनी, मुरार, ग्वालियर म.प्र. को किया जाने की अनुमति हेतु आवेदन मय शपथ पत्र प्रस्तुत किया गया है। यदि किसी संस्था / व्यक्ति एवं अन्य किसी को कोई आपत्ति होतो वह अपनी आपत्ति 15 दिवस तक कार्यालय में प्रस्तुत करें नियत तिथि के पश्चात आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं नियमानुसार प्राप्त दस्तावेजों के आधार पर हस्तारण की कार्यवाही की जावेगी।

संपदा अधिकारी
साडा (काउण्टर मैग्नेट) ग्वालियर


## 31 करोड़ 87 लाख से अधिक की 40 सड़कें स्वीकृत, बारिश के तत्काल बाद कार्य होगा प्रारंभ

**ग्वालियर 4 जुलाई.**बारिश के मौसम में सड़कों पर हो रहे गड्डों के कारण आम नागरिकों को आ रही समस्या के चलते नगर निगम द्वारा युद्ध स्तर पर अभियान चलाकर सड़कों को गिट्टी, डामर, मुरम भरकर दुरूस्त किया जा रहा हैं। निगम अमले द्वारा अभियान चलाकर जून माह में शहर के 31 प्रमुख मार्गों के साथ ही अन्य मार्गों पर पेच रिपेयरिंग की गई। साथ ही बारिश के पश्चात 31 करोड़ 87 लाख रूपये से अधिक की राशि से स्वीकृत 40 प्रमुख सड़कों के डामरीकरण एवं सीसी का कार्य पूर्ण तत्काल प्रारंभ कराया जाएगा।


नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय के निर्देशानुसार आम नागरिकों की सुविधा के लिए नगर निगम ग्वालियर द्वारा जोन स्तर पर आवश्यकतानुसार जेसीबी एवं डम्पर उपलब्ध कराये गए हैं। जिससे क्षतिग्रस्त सड़कों पर मुरम इत्यादि डालकर पेच रिपेयरिंग का कार्य तेजी से किया जा सके।

## सांसद ने ब्लैक स्पॉट खत्म करने फ्लाईओवर निर्माण की मांग की

**ग्वालियर।** ग्वालियर सांसद भारत सिंह कुशवाह ने भोपाल में एनएचआई के क्षेत्रीय अधिकारी से मुलाकात कर राष्ट्रीय राजमार्ग-44 के ग्वालियर-झांसी खंड अंतर्गत डबरा एवं ग्वालियर के मध्य स्थित ब्लैक स्पॉट लोकेशन बिलौआ तिराहा एवं अरू तिराहा पर फ्लाईओवर निर्माण के लिए पत्र सौंपा। ज्ञात हो सड़क सुरक्षा एवं यातायात समिति में बैठक ग्वालियर-झांसी राष्ट्रीय राजमार्ग पर डबरा एवं ग्वालियर के मध्य स्थित बिलौआ तिराहा एवं अरु तिराहा को ब्लैक स्पॉट लोकेशन के रूप में चिन्हित किया गया है। इन दोनों स्थलों पर बार-बार सड़क दुर्घटनाएँ हो रही है, जिससे आमजनों को भारी असुविधा एवं जान-माल की हानि उठानी पड़ रही है।









# मुख्यमंत्री यादव आज करेंगे आईएसबीटी का लोकार्पण

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 4 जुलाई.** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 5 जुलाई को ग्वालियर प्रवास पर आगमन होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव का इस दिन अपरान्ह लगभग 4 बजे विमान द्वारा राजमाता विजयाराजे

**विकास कार्यों के लोकार्पण व भूमिपूजन कार्यक्रम एवं समरसता सम्मेलन व जगन्नाथ यात्रा में होंगे शामिल**

सिंधिया एयर टर्मिनल पर आगमन होगा। ग्वालियर प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव विकास कार्यों के लोकार्पण एवं भूमिपूजन, समरसता सम्मेलन व भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा में शामिल होंगे।

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री डॉ. यादव लगभग 4.25 बजे गोले का मंदिर - मुरैना रोड पर नवनिर्मित आईएसबीटी (अंतर्राज्यीय बस अड्डा) परिसर



पहुँचेंगे और लगभग 281 करोड़ 71 लाख रूपए के विकास कार्यों के भूमिपूजन व लोकार्पण कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि भाग लेंगे। साथ ही इसके बाद सायंकाल लगभग 6 बजे राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय ग्वालियर के दत्तोपंत ठेंगड़ी सभागार पहुँचकर समरसता सम्मेलन में शामिल होंगे। इस कार्यक्रम के पश्चात मुख्यमंत्री डॉ. यादव सायंकाल लगभग 7.30 बजे भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा में भी शामिल होंगे। विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होने के बाद मुख्यमंत्री डॉ. यादव रात्रि लगभग 8.15 बजे विमानतल से वायुमार्ग द्वारा भोपाल के लिये प्रस्थान करेंगे।


कार्यालय विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण ( माधवराव काउण्टर मैग्नेट )
शीतला सहाय प्रशासनिक भवन, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, सौजना - तिधरा, ग्वालियर (म.प्र.)
क्रमांक /विक्षेविप्रा/संपदा /2025 / 748
ग्वालियर दिनांक-02/07/2025

// सूचना //

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती अनीता दीवान पत्नी श्री वैभव दीवान, निवास - 115, मयूर नगर, थाटीपुर, ग्वालियर को साडा की आवासीय योजना में सेक्टर-सी ब्लॉक-01 भूखण्ड क्रमांक 173 एम.आई.जी. 200 वर्ग मीटर आकार का आवंटित किया गया था। श्रीमती अनीता दीवान द्वारा उक्त भूखण्ड के आवंटन का अंतरण श्री वंश प्रताप सिंह पुत्र श्री धर्मेन्द्र कुमार गोरखपुरी, निवास आर्दश कॉलोनी, गोले का मंदिर, तिवारी किराना स्टोर के पास, जिला ग्वालियर म.प्र. को किया जाने की अनुमति हेतु आवेदन मय शपथ पत्र प्रस्तुत किया गया है। यदि किसी संस्था / व्यक्ति एवं अन्य किसी को कोई आपत्ति होतो वह अपनी आपत्ति 15 दिवस तक कार्यालय में प्रस्तुत करें नियत तिथि के पश्चात आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं नियमानुसार प्राप्त दस्तावेजों के आधार पर हस्तारण की कार्यवाही की जावेगी।

संपदा अधिकारी
साडा (काउण्टर मैग्नेट) ग्वालियर

न्यायालय अतिरिक्त प्रधान न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय ग्वालियर म.प्र.

प्रकरण क्रमांक- 510 / 2024 मु.फो.
दिनांक ग्वालियर 24.6.25
श्रीमती दीपा धाकड़ ....आवेदिका
विरूद्ध
राहुल धाकड़.....अनावेदक

बनाम - राहुल धाकड़ पुत्र श्री सुरेश धाकड़, उम्र 28 वर्ष, व्यवसाय किराने की दुकान एवं कलर पुट्टी ठेकेदारी, निवासी-गांव खेरिया थापक, ग्राम पंचायत खेरिया जनपद पंचायत मेहगांव जिला भिण्ड, म.प्र.

सूचना पत्र

यहकि आवेदिका श्रीमती दीपा धाकड़ पत्नी श्री राहुल धाकड़ पुत्री स्व. श्री भारत धानुक, उम्र-23 वर्ष व्यवसाय-गृहणी, निवासी हाल संजय नगर पानी की टंकी के पास, लश्कर, ग्वालियर म.प्र. के द्वारा आपके विरूद्ध इस न्यायालय के समक्ष याचिका अन्तर्गत 125 द.प्र. सहिता वास्ते भरण पोषण राशि हेतु प्रस्तुत की गई है। अत: जरिये सूचना पत्र से आप अनावेदक राहुल धाकड़ को सूचित किया जाता है कि इस संबंध में अपना जबाव इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 17/09/2025 को प्रात: 11:00 बजे व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। अनुपस्थिति की दशा में आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा। यदि नियत दिनांक को न्यायालय अवकाश घोषित हो जाता है अथवा पीठासीन अधिकारी अवकाश पर रहते है तो प्रकरण की सुनवाई आगामी कार्य दिवस पर की जावेगी। आज दिनांक 24/ 6/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

(अनयकांत पाण्डेय)
अति. प्रधान न्यायाधीश
कुटुम्ब न्यायालय ग्वालियर







